पत्र सूचना शाखा,
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश
———————

राज्यपाल ने हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिवस 'ईद–मिलादुन्नबी' पर बधाई दी

———————

लखनऊ : 29 अक्टूबर, 2020

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने प्रदेशवासियों, विशेषकर मुस्लिम भाई–बहनों को हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिवस 'ईद–मिलादुन्नबी' पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए सभी के आनन्दमय एवं स्वस्थ जीवन की कामना की है।

राज्यपाल ने अपने बधाई सन्देश में कहा है कि हजरत मोहम्मद साहब ने मानव को मानव से जोड़ने, आपसी भाईचारा एवं एकता की जो शिक्षा दी है, वह सभी के लिए अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि हजरत मोहम्मद साहब के विचार आज भी प्रासंगिक हैं।

श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने प्रदेशवासियों से आग्रह किया है कि सभी लोग कोरोना महामारी के परिप्रेक्ष्य में सामूहिक आयोजन एवं भीड़भाड़ से बचें तथा सामाजिक दूरी बनाते हुए मास्क का प्रयोग अवश्य करें।

———————

ओ0पी0राय/राजभवन (58/21)